तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 9 दिसंबर 2025

4 टोकन बना सिर दर्द, लग रही किसानों की लंबी लाइन





## खबर संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज में किया गया 43 यूनिट रक्तदान

**रायगढ़।** मेडिकल कॉलेज में चर्च ऑफ गॉड वर्ल्ड मिशन सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें थीम फसह के प्रेम के द्वारा जीवन देने के लिए 1750वीं विश्व रक्तदान ड्राइव का आयोजन किया। इसमें रायगढ़ रायपुर और अंबिकापुर से सोसाइटी के सदस्यों और नागरिकों ने रक्तदान में भाग लिया और 43 लोगों ने रक्तदान किया। अस्पताल अधीक्षक डॉ एमके मिंज ने इस नेक कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर रक्तदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया और उन्होंने कहा रक्तदान से दुर्घटना ग्रस्त मरीज, असहाय, निर्धन, अज्ञात, परिजन विहीन, थैलीसीमिया, एनीमिया, सिक्लसेल, गर्भवती महिलाओं, आईसीयू के गंभीर मरीज और रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों की रक्त की आवश्यकता पूर्ति कर पाते हैं।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग से लगातार दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। घटना की रिपोर्ट 9 सितंबर 2024 को पीड़िता के परिजनों ने थाना लैलूंगा में दर्ज कराई थी। बालिका के पिता ने बताया कि बालिका उसके साथ रहती थी 5 अगस्त 2024 को बालिका बिना बताए घर से कहीं चली गई। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर बालिका और संदेही की पतासाजी की जा रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि अपहृता बालिका रायगढ़ में देखी गई है। ऐसे में पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां युवती को सुरक्षित रिकवर किया गया। इसके बाद महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पीड़िता का कथन कराया गया, जिसमें उसने बताया कि आरोपी सनमत साय पैकरा द्वारा लगातार शारीरिक संबंध बनाया गया, जिसके कारण वह गर्भवती हो गई। विवेचना में यह स्पष्ट होने पर कि पीड़िता के साथ बलात्कार किया गया है, प्रकरण में धारा 64, 65,1ए 142 भारतीय न्याय संहिता 4,6 पॉस्को एक्ट जोड़ा गया। आरोपी सनमत साय पैकरा 24 साल को हिरासत में लेकर थाना लाया गया, जहां पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को दी और उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

### सरिया में निकाली गई भक्ति कलश यात्रा

**सरिया।** भव्य कलश यात्रा के साथ नगर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ सोमवार को शाम 6 बजे प्रारंभ हुआ। यह एक बड़ा धार्मिक आयोजन का प्रतीक है। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लिए और भजन कीर्तन के साथ नगर के प्रमुख मार्ग से निकलती हुई कथा स्थल पर कलश स्थापित किया गया। जिससे आध्यात्मिक वातावरण के साथ समूचा नगर भक्तिमय हो गया। कथा का मंगलमय शुभारंभ मंगलवार को दोपहर 3 से प्रभु इच्छा तक संपन्न होगा।9 से 15 दिसंबर तक संपन्न होने वाले श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन नगर पंचायत सरिया परिसर पर भव्य पंडाल पर आयोजित किया गया है। कलश यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं एवं कुमारियां कलश यात्रा में शामिल हुए। राधे-राधे, ओम नमो भगवते वासुदेवाय जैसे मंत्रो के जाप और भजन से पूरा नगर गूंज उठा। कथा व्यास सलिल कृष्ण महाराज ने कहा कि कलश यात्रा देवी देवताओं को आवाहन के साथ ईश्वरीय कृपा और दिव्य ऊर्जा का संचार करते हुए लोगों को कथा के महत्व से सनातन धर्म को जोड़कर रखेगा। कथा व्यास पंडित सलिल कृष्ण गुरू ने बताया कि कथा श्रवण मात्र से मन शुद्ध होता है तथा पाप से मुक्ति मिलतख हैं और व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। पाप से मुक्ति और मोक्ष का आधार है श्रीमद् भागवत। श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से ही मनुष्य के जीवन में सकारात्मक विचार उत्पन्न होते हैं और यह जीवन में नई दिशा एवं प्रेरणा देता है।

## टैक्स वसूली योजना प्रदेश भर में लागू, हर परिवार की संपत्ति की हो चुकी है एंट्री

# ग्रामीणों को भी अपने मकानों का देना होगा टैक्स, मार्च तक हर गांव में वसूली का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्वतंत्र महंत




- पोर्टल में दर्ज होगी पूरी जानकारी, हर साल करना होगा टेक्स का भुगतान

अब ग्रामीणों को भी अपने मकानों का टैक्स देना पड़ेगा। याने शहर हो या गांव हर व्यक्ति को अपने संपत्ति का टैक्स देना जरुरी है। अब तक केवल नगरीय निकायों में ही इस तरह की व्यवस्था थी, लेकिन केंद्र सरकार ने ग्राम पंचायतों को भी आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर परिवार से उनके मकानों का टैक्स लेने का प्रावधान कर दिया है। ऐसे में ग्राम पंचायतें आत्मनिर्भर हों या न हों, लेकिन ग्रामीणों की जेब जरुर ढीली होगी। याने ग्रामीणों पर एक और महंगाई की मार पड़ने वाली है। इसके लिए लॉच की गई सक्षम पोर्टल में गांव के पूरे परिवार के मकानों की एंट्री होगी। मकानों के एरिया के हिसाब से टैक्स तय होगा। यह टैक्स साल भर में ग्रामीणों को जमा करना होगा। अभी तक की स्थिति में पूरे प्रदेश में ग्रामीणों से टैक्स वसूली में धमतरी जिला जहां अव्वल है। वहीं दूसरे नंबर पर रायगढ़ जिला है। यहां अभी करीब 226 गांवों में टैक्स वसूली चालू हो गई है और करीब 1 लाख 38 हजार जमा भी हो चुका है। मार्च तक पूरे 550 ग्राम पंचायतों में मकान टैक्स वसूली करने का टारगेट रखा गया है। भलेहि हर गांव में 10-20 हजार ही वसूली हो, लेकिन मार्च तक टारगेट पूरा करना है। हालांकि तकनीकी रुप से अभी भी पोर्टल में कुछ काम बाकी है जो प्रागति पर है। गांवों में अब तक केवल पानी का ही टैक्स जमा करना पड़ता था, लेकिन अब मकानों का भी देना जरुरी कर दिया गया है। हालांकि गांव में टैक्स लेना है या नहीं यह ग्राम सभा में तय किया जाएगा। टैक्स का निर्धारण भी ग्राम सभा में ही तय होगा। निकायों में यह व्यवस्था लागू है और यहां सामान्य परिषद टैक्स तय करती है। इसी तर्ज पर ग्राम सभा गांवों का टैक्स तय करेगी। यह केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई योजना है। ऐसे में इसे गांवों में लागू करना भी जरुरी है। इसके लिए बाकायदा एक पोर्टल सक्षम लॉच किया गया है। इस पोर्टल में पूरे गांव के मकानों की पहले एंट्री होगी। इसमें ही एरिया के हिसाब से टैक्स का निर्धारण भी हो जाएगा।

### अपनी मर्जी से कर सकते हैं जमा

सक्षम पोर्टल में टैक्स निर्धारण होने के बाद उसे साल भर में जमा करने का ऑप्शन दिया गया है। जैसे एक ग्रामीण का मकान टैक्स 12 सौ निर्धारित है। उसे वह हर महीने सौ रुपए के हिसाब से भी जमा कर सकता है और तीन बार में भी जमा किया जा सकता है। पोर्टल में यह सुविधा है कि ग्रामीण जितना टैक्स जमा करेगा उतनी राशि कम करके कुल राशि बताएगा। सौ रुपए जमा हुआ है तो आगे 11 सौ वसूली दिखाएगा। इसमें गांव के हर व्यक्ति के मकानों (संपत्तियों) की एंट्री हो चुकी है।

### 1 नवंबर से हुआ है लागू

बीते 1 नवंबर से यह योजना पूरे प्रदेश भर में लागू की गई है। इसके लिए लॉच की गई सक्षम पोर्टल भी इसी दिन से प्रदेश के हर गांवों में लॉच की गई है। हालांकि तीन महीने पहले प्रदेश के धमतरी जिले में इसे बतौर पायलट प्रोजेक्ट लागू किया गया था। इसके बाद पूरे प्रदेश में लागू कर दिया गया है। धमतरी जिले में अभी तक ग्रामीणों से इस योजना के तहत 12 लाख से अधिक वसूली हो चुकी है। वहीं रायगढ़ जिले भी वसूली के मामले में प्रदेश में टॉप टू पर है। यहां 1 लाख 38 हजार के आसपास टैक्स की राशि जमा हो चुकी है। अभी 226 गांवों में वसूली हो रही है। मार्च तक पूरे 550 ग्राम पंचायतों में वसूली का टारगेट दिया गया है।

### उद्देश्य है गांवों को आत्मनिर्भर बनाना

गांवों को आत्मनिर्भर, सशक्त और सक्षम बनाने की मंशा से यह योजना लागू की गई है। इसके कारण ही जिस पोर्टल में टैक्स वसूली होगी उसका नाम भी दिया गया है सक्षम। इस पोर्टल का उपयोग करने वाला छत्तीयगढ़ संभवतः पहला राज्य है। हालांकि अब अन्य प्रांतों में भी इसे धीरे-धीरे लागू करने की बात सामने आ रही है। इसमें गांव के टैक्स से गांव को आत्मनिर्भर, सशक्त और समर्थ बनाया जाएगा। यान छोटी-छोटी जरुरतों को पूरा करने के लिए सरकार का मुंह ताकना नहीं पड़ेगा। समर्थ पोर्टल में पंचायतों की पूरी जानकारी, करदाताओं, टैक्स निर्धारण, प्रापर्टी की एंट्री, कितना टैक्स बनेगा वह भी उसमें तय हो जाएगा।

## खाने के पड़े लाले, बच्चों की फीस भी नहीं भर पा रहीं मितानिनें



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में मितानिनों को हर बार अपने मानदेय के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। ऐसा किसी भी माह में शायद नहीं हुआ है कि उन्हें उनका मानदेय समय से मिल जाता हो। इसी कड़ी में सोमवार को एक बार फिर से जिले में कार्यरत मितानिन बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंची। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मानदेय की मांग की। मितानिनों ने बताया कि उन्हें बीते तीन महीने अगस्त से लेकर अक्टूबर तक का मानदेय अब तक नहीं दिया गया है। जिस वजह से उन्हें कई प्रकार की आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जबकि वे इसी वेतन पर निर्भर है। मितानिनों ने बताया कि अपना मानदेय पाने के लिए उन्होंने जिले के स्वास्थय विभाग के कई चक्कर लगा लिए, स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन भी सौंप चुके लेकिन उन्हें हर बार केवल आश्वासन ही मिला, मानदेय नहीं। पहले उन्हें वेतन हर माह मिल जाता था, लेकिन पिछले एक साल से अब हर तीन माह में एक बार वेतन आता है, इसके लिए भी उन्हे भाग दौड करनी पड़ती है।

### अब हड़ताल ही आखिरी विकल्प

कलेक्टोरेट पहुंची मितानिनों ने कहा जिले में किसी भी प्रकार का आयोजन होने पर उनकी ही ड्यूटी पहले लगाई जाती है। कही भी जाना हो उन्हें ही बुलाया जाता है, यहां तक उन्होंने कोरोना काल में भी कार्य किया हैं‍ इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संवेदना नहीं दिखाई जाती और हर बार मानदेय के लिए भटकना पडता है। मितानिनों ने कहा कि उन्हे जल्द से जल्द अगर मानदेय नहीं दिया जाता है तो मजबूरन उन्हें एक बार फिर से हड़ताल करना पड़ेगा। जिले 3500 मितानिन कार्यरत हैं जिन्हें मानदेय के रूप में 22 सौ रुपए दिया जाता है।

## लोहरदगा में हथियारों का जखीरा बरामद, दो आरोपी पकड़े गए

- लातेहार में एरिया कमांडर समेत दो माओवादी गिरफ्तार
- नक्सल विरोधी अभियान में झारखंड पुलिस की दोहरी सफलता

**राउरकेला।** सीमावर्ती ओड़िशा व झारखंड के लोहरदगा और लातेहार जिलों में नक्सल और उग्रवाद विरोधी अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, जिससे जेजेएमपी झारखंड जनमुखी पार्टी संगठन को भारी झटका लगा है।

लोहरदगा में पुलिस ने छापेमारी कर जेजेएमपी के दो समर्थकों नसीम अंसारी और श्यामलाल यादव को गिरफ्तार किया। उनके पास से 2 पिस्टल, 82 राउंड 5.56 एमएम इंसास कारतूस और 3 राउंड 8 एमएम कारतूस बरामद किए गए। लोहरदगा एसपी सादिक अनवर रिजवी के अनुसार दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दूसरी ओर लातेहार जिले में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर जेजेएमपी के दो सक्रिय माओवादियों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपितों में सुनील उरांव, जो एरिया कमांडर और 2 लाख का इनामी है, तथा मुकेश लोहरा शामिल हैं। एसपी कुमार गौरव के निर्देशन में डीएसपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नवगढ़ और मानिका थाना क्षेत्र से इन्हें तड़के छापेमारी कर पकड़ा। सुनील उरांव पर 7 से अधिक गंभीर नक्सली मामलों में आरोप हैं, जबकि मुकेश लोहरा 2 मामलों में आरोपी है। कार्रवाई में डीएसपी, थाना प्रभारी शशि कुमार, रमाकांत गुप्ता, और एसआई विक्रांत उपाध्याय सहित कई अधिकारी शामिल थे। इन अभियानों से जेजेएमपी नेटवर्क को कमजोर करने में पुलिस को महत्वपूर्ण बढ़त मिली है।

## आधी जमीन को कर दिया जंगल घोषित ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पुसौर के ग्रामीणों को पीएम आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कारण आधी जमीन को प्रशासन ने छोटे घास-झाड एवं जंगल घोषित कर दिया गया है। इस समस्या को लेकर गांव की महिलाएं कलेक्टर के पास पहुंची थी। महिलाओं ने बताया कि वे सभी पुसौर गांव के वार्ड क्रमांक 6 की रहने वाली है और उसी गांव में कई सालों से झुग्गी झोपड़ी बना कर अपना जीवनयापन कर रही है।

अपने जमीन पर पक्के मकान की आस लिए जब उन्होंने पीएम आवास के लिए आवेदन किया तब उन्हें पता चला कि जिस जमीन पर सालों से निवासरत हैं उसे प्रशासन के द्वारा जंगल की जमीन घोषित किया गया है। जिस वजह से उन्हें पीएम आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। महिलाओं ने बताया कि सालों पहले के रिकॉर्ड को दुरूस्त नहीं किया गया है, जिस जगह को जंगल एवं घास और झाड वाली जगह बताई जा रही है वहां पर कई सालों से सैंकडो लोग निवासरत है।

### सरपंच से मांगी मदद, लेकिन मिली निराशा

ग्रामीणों नें उनकी समस्या के समाधान के लिए गांव के सरपंच से भी मदद मांगी थी , लेकिन वहां से उन्हें कोई समाधान नहीं मिला। जिस वजह से उन्हें कलेक्टर को आवेदन देकर मदद मांगनी पड़ रही है। महिलाओं ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए उक्त स्थान को आबादी घोषित करने की मांग की, जिससे उन्हें भी आवास का लाभ मिल सके।

## स्कूली बच्चों ने ट्रैक्टर से पहुंचाई साइकिल प्राचार्य और व्याख्याता की रुकी वेतन वृद्धि

### छात्र साईकिल से लदे ट्रेक्टर खुद चला कर लाए स्कूल



**सारंगढ़।** स्कूली बच्चों द्वारा खुद ट्रेक्टर चलाकर दूसरे गांव की स्कूल से साइकिल लाने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। जांच के बाद डीईओ द्वारा प्रभारी प्रिंसिपल कुमार चौहान और सरस्वती साइकिल योजना के प्रभारी व्याख्याता योगेश्वर साहू की एक साल के वेतन वृद्धि रोकने की अनुशंसा की गई है।

यह मामला काफी सुर्खियों में आया था जब जिले के शाउमा विद्यालय सलौनीकला स्कूल के प्रभारी प्राचार्य कुमार चौहान ने स्कूल के बच्चों को ही ट्रेक्टर से साइकिल लाने भेज दिया था। हरिभूमि ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद सारंगढ़ डीईओ ने इस मामले की जांच करने का निर्देश दिया था। अब जांच पूरी हो गई है और प्रभारी प्राचार्य और योजना प्रभारी को दोषी पाया गया है। इसके बाद दोनों के खिलाफ वेतन वृद्धि रोकने की कार्रवाई की गई है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम प्रेम भुवन प्रताप सिंह शावि में संबंधित विद्यालय के प्राचार्य व प्रतिनिधियों को साइकिल वितरण किया जा रहा था। जहां शाउमा विद्यालय सलौनीकला के प्रभारी प्राचार्य और योजना प्रभारी ने सलौनीकला में पढ़ने वाले बच्चों को ट्रैक्टर से भेज कर सायकिल मंगवाया था। बच्चे ही साइकिल से लदे ट्रैक्टर को खुद चलाते स्कूल लेकर पहुंचे थे। खबर प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग ने पूरे पूरे मामले की जांच कराई थी।

## प्राइवेट एम्बुलेंस चालकों ने 108 चालक पर किया हमला

**रायगढ़।** बीती रात चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की गंभीर घटना सामने आई है। जहां धंधा चौपट होने की बात को लेकर दो प्राइवेट एम्बुलेंस चालकों ने 108 वाहन के चालक पर हमला कर दिया।

इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है, पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया है। पीड़ति गिरजा शंकर लहरे 5 साल से रायगढ़ में रहकर 108 वाहन चलाता है। रविवार की रात आरएल हॉस्पिटल द्वारा आयोजित एक निजी पार्टी में मेडिकल कॉलेज के आगे गया था। इस दौरान किसी बात को लेकर गिरजा का प्राइवेट एम्बुलेंस चालक अब्दुल अंसारी और सय्यद अंसारी से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया की सय्यद ने गिरजा के ऊपर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे गिरजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। आनन फानन में घायल को अस्पताल पहुचाया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए घायल चालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है, वहीं आगे की कार्रवाई की जा रही है। पीड़ति गिरजा शंकर ने बताया कि वह कार्यक्रम से खाना खाकर बाहर आया तभी अब्दुल और सय्यद दोनों इसके पास आए और इसे बहुत मरीजों को निशुल्क एम्स, मेकाहारा और डीकेएस हॉस्पिटल लेके जाता है, इससे हमारा धंधा मार खा रहा कहते हुए जमीन पर पटक दिए। इसके बाद सय्यद अपने पास रखे चाकू को इसके गले में अड़ा कर काटने का प्रयास किया तो ये गला को हटा दिया। जिससे चाकू सीधे इसके कान के पास लगा और कट गया। गिरजा की माने तो वह गला नहीं हटाता तो शायद उसकी जान चली जाती।

### फरार अपराधी सात साल बाद गिरफ्तार

**सुंदरगढ़।** 7 साल से फरार गंभीर अपराधी आखिरकार सुंदरगढ़ टाउन पुलिस के जाल में फंस गया। आरोपी सुमन्त प्रधान 32 पुत्र स्व राजा प्रधान, ग्राम मेदिनीपुर, थाना टाउन पर वर्ष 2018 में घटित गंभीर अपराधों दुष्कर्म में शामिल होने का आरोप था। उसके खिलाफ धारा 376(1) आईपीसी और पोक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत मामला दर्ज था, लेकिन वह पुलिस और कोर्ट से बचते हुए लगातार फरार रहा। उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी लंबित था। डीएसपी निर्मल महापात्र ने बताया कि विशेष सूचना और सुनियोजित अभियान के माध्यम से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया।

## नौकरी के नाम पर फर्जीवाड़ा, पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार



**सुदंरगढ़।** पिछले कुछ दिनों से सुंदरगढ़, बलांगीर, सोनपुर, कालाहांडी, नबरंगपुर और बरगढ़ जिलों में विभिन्न सरकारी विभागों के नाम और लोगो का दुरुपयोग कर फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नौकरी फर्जी विज्ञापन पोस्ट किए जा रहे थे। इन विज्ञापनों में आकर्षक वेतनए मुफ्त भोजन और रहने की सुविधा दिखाकर बेरोजगार युवाओं को ठगा जा रहा था। सुंदरगढ़ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने मामले की जांच की। जांच में सामने आया कि सभी विज्ञापन फर्जी और धोखाधड़ीपूर्ण थे। इसके बाद टीम ने आरोपी संग्राम कुमार बेहेरा 26, पुत्र राजीव लोचन बेहेराए ग्राम रघुनाथपुर, थाना पटकोरा, जिला केंद्रापड़ा को गिरफ्तार किया। डीएसपी निर्मल महापात्र ने सोमवार को मीडिया से बातचीत मे इसकी पुष्टि करते हुए। बताया की आरोपी प्रत्येक आवेदक से नौकरी दिलाने का झूठा आश्वासन देकर लगभग 3500 वसूल रहा था। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन और 20 नकली जॉब विज्ञापनों के स्क्रीनशॉट जब्त किए गए। पुलिस ने स्थानीय युवाओं और नौकरी तलाशने वालों से सावधानी बरतने की अपील की है और कहा है कि किसी भी संदिग्ध या नकली नौकरी पोस्ट की सूचना तुरंत साइबर क्राइम पोर्टल या नजदीकी थाना में दें।

### कहीं स्टॉफ की कमी, कहीं डॉक्टर आते हैं लेट, मरीज होते हैं परेशान

## लोगों की सुविधा के लिए खोला गया हमर क्लीनिक खुद बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में आमजनों को स्वास्थ्य संबंधी लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से खोले गए स्वास्थ्य केन्द्र एवं हमर क्लीनिक खुद ही बीमार हो चुके हैं। किसी केन्द्र में डॉक्टर लेट आते हैं तो कहीं स्टॉफ की कमी है और इन सब का खामियाजा वहां पहुंचने वाले मरीजों को भुगतना पड़ता है। शहर में स्वास्थ्य सुविधा का विस्तार करने के लिए अलग-अलग वार्डों में हमर क्लीनिक और शहरी स्वास्थ्य केंद्र के तहत तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित है, लेकिन यहां 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधा देने का दावा फेल हो गया है। केन्द्रो में संसाधनों की कमी की वजह से मरीजों को जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज की ओर रूख करना पड़ता हैं।शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों के द्वारा यहां मरीजों के लिए 24 घंटे सुविधा उपलब्ध होने का दावा किया जाता है, लेकिन हकीकत ठीक विपरित है। शहर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 3 शहरी स्वास्थ्य केन्द्र और 13 हमर क्लीनिक चलाया जाता है।

### स्वास्थ्य केन्द्र तक पहुंचने मार्ग ही नहीं

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गांधी नगर में शहरी आयुष केन्द्र खोला गया है। जिसका लोकार्पण कुछ समय पहले ही किया गया था, लेकिन इस स्वास्थ्य केन्द्र की खास बात यह है कि यहां पहुंचने के लिए रास्ता ही नहीं है। मरीजों को उबड-खाबड़ रास्तों से हिचकोले खाते यहां पहुंचना पड़ता है। आम दिनों में तो कोई जैसे-तैसे पहुंच भी जाए लेकिन बरसात के दिनों में यहां कीचड एवं गड्ढों भरे पानी की वजह से पहुंचने में परेशानी होती है। स्थानीय लोगो ने बताया कि गड्ढे के चक्कर में कई लोग हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही गिर जाते हैं।

### दोपहर में ही बंद हो जाते हैं ताले

लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करानें के उद्देश्य से खोले गए आयुष एवं हमर क्लीनिक की ओपीडी का समय सुबह 10 से 2 एवं शाम में 5 से 8 बजे का है, लेकिन कई केन्द्र ऐसे हैं जहां शाम होने से पहले ही ताले लगा दिए जाते है। जेलपारा स्थित हमर क्लीनिक में तो दोपहर के 12 बजते ही ताले लगे हुए मिले।

### कार्रवाई की जाएगी

स्वास्थ्य केन्द्रों में स्टॉफ की भर्ती की प्रक्रिया निरंतर चल रही है, जो कि कुछ दिनों में पूरी कर ली जाएगी। जिन केन्द्रों को जल्दी बंद कर दिया जा रहा है, वहां जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**डा. अनिल जगत, सीएमएचओ**

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गयी थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# स्टूडेंट्स की आवाज को मेडिकल प्रबंधन ने दबाया, विरोध प्रदर्शन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में पीजी सीटों में आरक्षण नियम में संशोधन के खिलाफ सोमवार को रायगढ़ मेडिकल कॉलेज के छात्र काली पट्टी लगा कर विरोध प्रदर्शन करने वाले थे लेकिन प्रबंधन ने उनकी आवाज को दबा दिया और उसी दबाव में आकर छात्रों को कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा।

दरअसल छत्तीसगढ़ में पीजी मेडिकल सीटों को लेकर नया विवाद गहराता जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से 1 दिसंबर को जारी नई गजट अधिसूचना के खिलाफ छात्र आपत्ति जता रहे हैं। छात्रों का कहना है कि नई व्यवस्था से छत्तीसगढ़ के अपने मेडिकल छात्रों के साथ गंभीर अन्याय हो रहा है। अधिसूचना के अनुसार पीजी मेडिकल सीटों के आवंटन का नया




फॉर्मूला लागू किया गया हैए जिसे छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरेशन ने डॉक्टरों पर सर्जिकल स्ट्राइक बताया है। फेडरेशन का दावा है कि इस नए नियम से कुल 75 प्रतिशत पीजी सीटें बाहरी राज्यों के छात्रों के लिए खुल जाएंगीए जबकि स्थानीय छात्रों के हिस्से मात्र 25 प्रतिशत सीटें ही बचेंगी। वहीं पहले 50. 50 प्रतिशत थी। जिसे लेकर पूरे प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में छात्र विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार की सुबह 11.30 बजे मेडिकल कॉलेज रायगढ़ के स्टूडेंट्स विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम रखे थे, जिस पर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें ऐसा करने से मना कर दिया। इसके बाद छात्र दोपहर 1.30 बजे विरोध करने की बात कहने लगेए लेकिन आखिरकार प्रबंधन ने उनकी आवाजों को दबा दिया। जिससे यह कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा।

### छात्रावास अधीक्षक, अधीक्षिकाओं की ली बैठक

# कलेक्टर ने हॉस्टल अधीक्षकों को दी चेतावनी जिम्मेदारी का करें पालन, नहीं तो कार्रवाई

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने आश्रम-छात्रावास अधीक्षक और अधीक्षिकाओं का बैठक लिया। यह बैठक आश्रम छात्रावास में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किया गया था।

- बच्चों में सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ नैतिक शिक्षा देने में पूरी संवेदनशीलता से ड्यूटी करने के निर्देश



कलेक्टर ने सभी अधीक्षक और अधीक्षिकाओं से परिचय के साथ, उनकी पदस्थापना, कब से पदस्थापना, कितने सीटर का आश्रम छात्रावास, कन्या छात्रावास में होमगार्ड की पोस्टिंग और उपस्थिति, बच्चों के दाखिले, कमी या मांग की जानकारी ली।


बैठक में बेहतर देखरेख, अच्छा नाश्ता, भोजन, खानपान के लिए छिंद और भटगांव के छात्रावास तथा बेहतर किचन गार्डन के लिए उलखर छात्रावास के कार्यों की तारीफ भी कलेक्टर ने किया। कलेक्टर ने छह माह पहले के बैठक में दिए निर्देश के पालन में किये गए कार्यों और स्वीकृत भवन मरम्मत, नवीन निर्माण की स्थिति की जानकारी ली। बैठक में सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, डॉक्टर, मंडल सयोजक, अधीक्षक और अधीक्षिका उपस्थित थीं।

कलेक्टर ने कहा किए आश्रम, छात्रावास में अधीक्षक और अधीक्षकाओं को पालक की भांति बच्चों की देखरेख, पूछ परख करनी चाहिए। घर से दूर घर जैसा माहौल देना चाहिए ताकि छुट्टी के बाद भी उनका आश्रम छात्रावास में लौटने का मन हो। उनके साथ ऐसा व्यवहार माहौल बना के रखना चाहिए जिससे वह अपनी सभी बातें बता सके। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ नैतिक ज्ञान, खेलकूदए सांस्कृतिक कार्यक्रम करियर गाइडेन्स आदि गतिविधियां बीच.बीच में करते रहने चाहिए। बाकी दिन शिक्षक का एक दिन अधीक्षक का तर्ज पर सप्ताह में अवकाश पर इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन छात्रावास आश्रम में किया जाना चाहिए। सभी बच्चों का व्यक्तिगत रूप से नामए पालक का नाम, पता, कांटेक्ट नंबर आदि की जानकारी रिकॉर्ड में और व्यक्तिगत रूप से भी होनी चाहिए। जैसे छुट्टी जा रहे हैं तो किस कारण से जा रहे हैं और कब लौटेंगे।

### हर दिन का अलग होना चाहिए मेन्यू

कलेक्टर ने कहा कि खाने नाश्ता भोजन आदि की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए और प्रत्येक दिनों के लिए अलग-अलग किस्म के नाश्ते और सब्जी में परिवर्तन किया जाना चाहिए ताकि वह सभी प्रकार के विटामिन बच्चों को मिले। आश्रम छात्रावास के भवन, खिड़की, दरवाजा, टेबल, लाईट, पेयजल, शौचालय आदि के टूट.फूट मरम्मत के छोटे.छोटे काम के लिए बढ़ई, मिस्त्री से काम कराएं। इसके लिए अनावश्यक देरी न करें। जितने आश्रम छात्रावास खेत के पास हैं उनके खिड़की दरवाजा में जाली लगाएं ताकि सांप, बिच्छू प्रवेश न करें। सभी खिड़की दरवाजा में पर्दा लगाए। कमरों में पर्याप्त रोशनी हो। सभी बच्चों को मच्छरदानी मिले।

# आईएमईआई बदलकर चोरी का मोबाइल बेचने का धंधा तेज



**राउरकेला।** शहर में मोबाइल चोरी और साइबर अपराध से जुड़ा एक संगठित रैकेट तेजी से पैर पसार रहा है। चोरी हुए या आपराधिक वारदातों में इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन की आईएमईआई चिप निकालकर या बदलकर उन्हें सेकेंड हैंड मोबाइल के तौर पर खुलेआम बेचा जा रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह अवैध कारोबार स्थानीय पुलिस की निगाहों में ही फल–फूल रहा है।

- पुलिस की नाक के नीचे पनप रहा खतरनाक क्राइम नेटवर्क

शहर के मोहल्लों से लेकर मुख्य बाजार तक सैकड़ों सेकेंड हैंड मोबाइल दुकानों का जाल फैला हुआ है, जिनमें से कई दुकानों पर मौजूद स्टॉक संदेह के घेरे में माना जा रहा है। तकनीकी विशेषज्ञों का दावा है कि अगर पुलिस इन दुकानों में उपलब्ध सभी मोबाइलों की आईएमईआई वेरिफिकेशन कराए, तो बड़ी संख्या में चोरी, ठगी या साइबर अपराध में उपयोग हुए फोन बरामद किए जा सकते हैं।

एक साइबर विशेषज्ञ के अनुसार, यदि पुलिस सभी दुकानदारों और उनके स्टॉक की आईएमईआई जांच करे, तो बड़ी संख्या में अपराध से जुड़े मोबाइल बरामद हो सकते हैं। ऐसे मोबाइल फोन अपराधियों के लिए सबसे बड़ा हथियार बन चुके हैं। आईएमईआई बदलते ही फोन का असली रिकॉर्ड मिट जाता है, जिससे पुलिस की ट्रैकिंग प्रणाली निष्प्रभावी हो जाती है। नतीजतन, चोरी, ठगी, साइबर फ्रॉड से लेकर कई गंभीर वारदातों में शामिल अपराधी आसानी से कानून के शिकंजे से बच निकलते हैं। स्थानीय लोग इस बढ़ते अवैध कारोबार को शहर में बढ़ रहे अपराधों की रीढ़ बता रहे हैं। सेकेंड हैंड मोबाइल बाजार की अनियंत्रित गतिविधियों से अपराधियों को सुरक्षित नेटवर्क मिल रहा हैए जबकि आम लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

# आग लगाकर आत्महत्या का प्रयास करने वाली छात्रा से मिले स्वास्थ्य मंत्री महालिंग

**सुंदरगढ़।** मानसिक उत्पीड़न और आपत्तिजनक व्यवहार से टूट चुकी एक नाबालिग छात्रा ने शुक्रवार रात आत्महत्या का प्रयास किया था। राजगांगपुर थाना क्षेत्र के लांजीबेर्ना इलाके में छात्रा ने अपने पूरे शरीर पर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसी छात्रा को तुरंत राउरकेला आईजीएच में भर्ती कराया गया, जहाँ वह जीवन-मरण के बीच संघर्ष कर रही है। छात्रा को प्रताड़ित करने के आरोप में आरोपी युवक नीलेश साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है।

स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग आईजीएच पहुँचे और छात्रा की स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर सभी आवश्यक चिकित्सीय सहायता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। सूत्रों के अनुसार, आरोपी नीलेश लंबे समय से नाबालिग छात्रा को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था और बार-बार प्रेम प्रस्ताव देकर परेशान कर रहा था। लगातार उत्पीड़न से तंग आकर छात्रा ने यह कदम उठाया। छात्रा के मामा की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच की और आरोपी को गिरफ्तार किया। सुंदरगढ़ की एसपी अमृत पाल कौर ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है।



### पूर्व सीएम ने जताई चिंता

**राउरकेला।** राजगांगपुर के लांजीबेरणा में आग से झुलसकर एक कॉलेज छात्रा की मौत की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है। घटना पर बीजेडी अध्यक्ष नवीन पटनायक ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि परिवार द्वारा पहले धमकी की शिकायत देने के बावजूद सरकार की निष्क्रियता बेहद चिंताजनक है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि ऐसी घटनाएँ राज्य में बढ़ती असुरक्षा को उजागर करती हैं और अपराधियों का मनोबल बढ़ाती हैं। पटनायक ने छात्रा के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उसकी आत्मा की शांति की कामना की। गंभीर रूप से झुलसी छात्रा ने बीती रात इस्पात जनरल अस्पताल में करीब एक बजे दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। छात्रा की मौत से पूरे राजगंगपुर में शोक की लहर फैल गई है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मुकेश महालिंग, विधायक दुर्गाचरण तांती, राउरकेला एसपी नितेश वाधवानी और निदेशक डॉ. जयंत आचार्य ने अस्पताल में पहुंचकर स्थिति की समीक्षा की और परिवार को ढांढस बंधाया।




# बिसरा में प्रशासन ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**राउरकेला।** बिसरा प्रखंड के सम्मेलन कक्ष में सोमवार को आयोजित प्रशासन की जन सुनवाई में सुंदरगढ़ जिलापाल डॉ. शुभंकर महापात्र के समक्ष ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र की समस्याए रखीं। इस दौरान जमीन से जुड़े विवाद, बालू और गिट्टी का ऊंचा दर प्रमुख मुद्दे रहे। जन सुनवाई में कुल 66 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 41 शिकायतें विभिन्न समूहों द्वारा और 25 व्यक्तिगत नागरिकों द्वारा दी गईं। जिलापाल ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल जांच और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी कार्य में भ्रष्टाचार या लापरवाही पाई गई तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने इसके अलावा राशन वितरण में अनियमितता, आवास योजना में भेदभाव, पेयजल संकट, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की भी मांग की। कार्यक्रम में पान पोष उप जिलापाल विजय नायक, राउरकेला एसपी नितेश वाधवानी, सुंदरगढ़ पीडी सुरंजन साहू, जिला शिक्षा अधिकारी अमूल्य प्रधान और बिसरा बीडीओ जगन्नाथ हनुमान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# तारिणी पीठ की उपेक्षा अब होगी समाप्त: सीएम

**राउरकेला।** ओडिशा के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में से एक माँ तारिणी पीठ के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार ने बड़े पैमाने पर अभियान शुरू कर दिया है।

दशकों से उपेक्षित इस पवित्र स्थल को विश्वस्तरीय रूप देने के लिए आधुनिक आधारभूत ढाँचे और व्यापक यात्री सुविधाओं का निर्माण प्रस्तावित है। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री मोहन चरण मज्ञी ने आज माँ तारिणी पीठ पहुँचकर पूजा अर्चना की और चल रही योजनाओं का जायजा लिया। सरकार द्वारा 300 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से यात्री सुविधा केंद्र, सड़क एवं संपर्क मार्ग, पवित्र कुंडों का विकास, आधुनिक इंटरप्रिटेशन सेंटर, 216 बिस्तरों वाला यात्रीनिवास, 500 लोगों के सामूहिक प्रसाद ग्रहण की व्यवस्था, अनाज भंडारण केंद्र, कचरा प्रबंधन प्रणाली व मंदिर परिसर तथा मार्गों का सौंदर्यीकरण जैसी सुविधाएँ विकसित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा यह पीठ कई वर्षों तक उपेक्षित रहा। आज माँ की कृपा से इसके विकास का



- 300 करोड़ से अधिक की मेगा परियोजना

ऐतिहासिक आरंभ हुआ है। परियोजना में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी और मैं स्वयं इसकी निगरानी करूँगा। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि केनुझर जिला राउरकेला और कलिंगा नगर की तरह औद्योगिक रूप से विकसित होगा तथा यहाँ एक विशाल इस्पात कारखाना स्थापित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने केंदुझर की जनता और भक्तों के समर्थन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माँ तारिणी परियोजना पूरा क्षेत्र धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन दृष्टि से नई पहचान दिलाएगी।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में 25 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक चल रहे लिंग आधारित हिंसा उन्मूलन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संकल्प स्कूल जशपुर में ''बेटी बचाओदृबेटी पढ़ाओ'' योजना के तहत आयोजित किया गया।

कार्यक्रम नवा बिहान, सखी वन स्टॉप सेंटर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं को लिंग आधारित हिंसा के बढ़ते स्वरूप, घरेलू हिंसा, साइबर प्रताड़ना, स्टॉकिंग, मानसिक उत्पीड़न, शारीरिक हिंसा एवं विद्यालय व सामाजिक परिवेश में घटित होने वाली संवेदनशील घटनाओं के उदाहरणों के माध्यम से जागरूक करने से हुई। विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे ऐसी घटनाओं को पहचानें, किस तरह तुरंत सहायता प्राप्त करें और कौन-कौन से प्लेटफॉर्म पर शिकायत दर्ज की जा सकती है। छात्राओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन शिकायत पंजीकरण प्रक्रिया का प्रदर्शन कर विस्तार से समझाया गया। इसमें थाना, महिला डेस्क, सखी वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर शिकायत पोर्टल के उपयोग से लेकर ई - एफआईआर, नागरिक सुविधा पोर्टल, तथा महिला सुरक्षा ऐप जैसी सुविधाओं की भी जानकारी दी गई। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में नवा बिहान से संरक्षण अधिकारी, सखी वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर, सहयोगी कर्मचारी, शिक्षण स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को न केवल जानकारी देना, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग, आत्मविश्वासी और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

### जातिगत गाली-गलौज एसपी से शिकायत

**कटेली।** दशकर्म कार्यक्रम से लौट रहे ग्रामीणों से जातिगत गाली-गलौज मारपीट मामले में एसपी से शिकायत के बाद भी पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। नाराज ग्रामीणों ने जनदर्शन में कलेक्टर से कार्रवाई की मांग करने की तैयारी में जुट गए है। कुछ दिन पहले एसपी को दिए गए ज्ञापन में बताया कि वे ग्रामवासी ग्राम खर्री छोटे थाना सारंगढ़ के मूल निवासी हैं यह कि हम सभी प्रार्थी और पीड़ित रात करीब सवा 9 बजे ग्राम खर्री छोटे में जब दशकर्म कार्यक्रम के लिए सामाजिक बैठक बीच बस्ती में हुई थी। उसी समय ग्राम खर्री छोटे के मूल निवासी रामलाल साहू, कार्तिकेश्वर साहू, दुगेश्वर साहू, भूपेन्द्र साहू खिलेश्वर साहू, पुन्य प्रकाश साहू, खीरलाल साहू, सीताराम साहू, पदूमलाल साहू एवं उनके अन्य साथीगण सभी एक राय होकर प्रार्थी गंगाराम सिदार, अमरसिंह सिदार, गणेश सिदार एवं उनके साथियों को जातिसूचक गाली-गलौज कर हाथ, डंडे, मुक्के, टंगिया, फावड़ा, कुदारी से मारपीट किए हैं। उक्त घटना से गंगाराम सिदार अमरसिंह सिदार एवं गणेश सिदार के शरीर से गंभीर चोट लग गई। इसकी शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में अब ग्रामीण इसकी दोबारा शिकायत करने की तैयारी कर रहे हैं।

# जय दुर्गा क्रशर की मनमानी को लेकर अधिकारियों से शिकायत



**सरिया।** डोलोमाइट पत्थर का अवैध उत्खनन एवं भंडारण तथा खनिज नियमों की धज्जियां उडाने को लेकर जय दुर्गा क्रेशर कटंगपाली के खिलाफ एक ग्रामीण ने खनिज विभाग में शिकायत करते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के तहसील सरिया क्षेत्र स्थित ग्राम कटंगपाली अ में जय दुर्गा क्रशर के खिलाफ ग्राम सूखापाली के भुनेश्वर साहू पिता हरि लाल साहू के द्वारा 2 दिसंबर को खनिज विभाग सारंगढ़ में आवेदन देकर उचित जांच कार्यवाही की मांग की है। खनिज विभाग में दी गई शिकायत के अनुसार जय दुर्गा क्रेशर के द्वारा अवैध ढंग से डोलोमाइट का खदान संचालित कर शासन को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। तथा क्रेशर में मनमानी एवं अनियमित है। भुनेश्वर साहू ने अपने शिकायत में उल्लेख किया है कि उक्त क्रेशर डायवर्सन से ज्यादा के जमीन में भंडारण किया है। साथ ही साथ पर्यावरण का भी खुले आम दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने अपने आवेदन में लिखा है कि जय दुर्गा क्रेशर के नाम पर खदान नहीं होने तथा उनके द्वारा शासकीय जमीन और निजी जमीन पर डोलोमाइट पत्थर का अवैध उत्खनन कर अपने क्रेशर में उपयोग कर रहा है। उन्होंने खनिज अधिकारी को आवेदन देकर उचित जांच कार्यवाही की मांग की है।

### कार्रवाई की जाएगी

जय दुर्गा क्रेशर कटंगपाली के संबंध में एक व्यक्ति ने शिकायत की है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।
-बजरंग पैंकरा
खनिज अधिकारी सारंगढ़

### युवती से दुष्कर्म, सहायक पोस्ट मास्टर गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** थाना तुमला क्षेत्रांतर्गत एक 35 वर्षीय युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के गंभीर मामले में जशपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सहायक पोस्ट मास्टर सौरभ कुमार उम्र 27 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी मूलतः बिहार राज्य का निवासी है और वर्तमान में जशपुर जिले के एक पोस्ट ऑफिस में सहायक पोस्ट मास्टर के पद पर पदस्थ था। पीड़िता की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में अभियुक्त से उसकी पहचान हुई थी। उस समय पीड़िता छत्तीसगढ़ राज्य के एक जिले में जनपद पंचायत में तकनीकी सहायक ,सब इंजीनियर के रूप में कार्यरत थी। दिनांक 14 जनवरी 2025 को जब युवती छुट्टी पर अपने गृहग्राम तुमला आई हुई थी, उसी दौरान आरोपी उसे अपने किराए के मकान में ले गया और शादी का झांसा देकर उसके साथ अनाचार किया। इसके बाद जनवरी से जून 2025 तक जब-जब पीड़िता छुट्टी पर आती, आरोपी शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा।

## खबर संक्षेप

### रिक्शा चलाकर घर चला रहे बुजुर्ग



**राउरकेला।** समय के साथ शहर की परिवहन व्यवस्था बदल रही है, और हाथ रिक्शा लगभग विलुप्ति की कगार पर पहुँच चुका है। शहर में कुछ जगहों पर कुछ रिक्शे बचे हैं, उनके मालिक अब बुजुर्ग और थकान से जूझते रहे हैं। बढ़ती उम्र और घटती ताकत के बावजूद, रोज़गार के लिए उनके पास कोई विकल्प नहीं है। एक बुजुर्ग रिक्शा चालक ने भर्राई आवाज़ में कहा, अब उम्र बढ़ गई है, लेकिन जब तक शरीर साथ देगा, लोगों को उनकी मंज़िल तक ले जाता रहूँगा। मैं अपने दिव्यांग बेटे और बीमार माँ का पेट पालने के लिए यह काम करता हूँ और जब तक स्वस्थ हूँए लोगों को पहुँचाता रहूँगा। शहर में अब यात्रियों की प्राथमिकता तेज़ और सुविधाजनक साधन ऑटो, टैक्सी या सिटी बस को चुनना है। ऐसे में रिक्शा पर बैठे बुजुर्ग घंटों ग्राहकों का इंतजार करते रह जाते हैं। आज शहर में रिक्शा को पूछता ही कौन है। यह सवाल सिर्फ बदलती परिवहन व्यवस्था नहीं, बल्कि बुजुर्गों की संघर्षपूर्ण जिंदगी और उनके अडिग संकल्प की भी याद दिलाता है।

### छेंड बस्ती के पास उड़ता सफ़ेद ज़हर डंप फ्लाईऐश से बढ़ रहा आक्रोश



**राउरकेला।** झारसुगुड़ा से लाई जा रही फ्लाईऐश पिछले कुछ महीनों से छेंड, बागबूड़ी बस्ती के पास खुले मैदान में लगातार डंप किया जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों, एसओएस विलेज और पास के मॉल के व्यापारियों में भारी असंतोष पैदा हो गया है। हजारों ट्रकों से हो रही अनलोडिंग के कारण इलाके में धूल का घना गुबार उठ रहा है, जो सीधे घरों, दुकानों और छात्रों से भरे एसओएस विलेज तक पहुँच रहा है। बरसात के बाद सूखी फ्लाई ऐश हवा में उड़ने लगी है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। निवासियों का आरोप है कि शहर के भीतर बने इस फ्लाई ऐश पहाड़ पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है।

### नेशनल परमिट में अनियमितताओं को लेकर किया जा रहा विरोध

**राउरकेला।** राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा ट्रक ट्रांसपोर्ट सारथी ने नेशनल परमिट प्रणाली में बढ़ती अनियमितताओं, भ्रष्टाचार और तकनीकी अव्यवस्थाओं पर गंभीर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ऑनलाइन आवेदन व नवीनीकरण में महीनों की देरी, परिवहन कार्यालयों में मनमानी व भ्रष्टाचार, ऑनलाइन पोर्टल की लगातार तकनीकी खराबियाँ, वैध परमिट के बावजूद चेकपोस्ट पर उत्पीड़न, और शिकायतों पर कार्रवाई का अभाव। वहीं मोर्चा ने प्रमुख माँगों के रूप में .नेशनल परमिट प्रणाली की स्वतंत्र जांच, सिंगल विंडो ऑनलाइन पोर्टल अस्वीकृति पर 7 दिन में कारण बताओ रिपोर्ट, सिस्टम विफलता से प्रभावित ट्रक मालिकों को मुआवज़ा, सभी राज्यों में एक समान चेकपोस्ट नीति, सुधार लागू होने तक 90 दिन की राहत अवधि और कार्रवाई न होने पर आंदोलन तय। मोर्चा ने केंद्र सरकार को 30 दिन की समय सीमा देते हुए स्पष्ट कहा कि यदि ठोस निर्णय नहीं हुआ तो देशव्यापी शांतिपूर्ण आंदोलन और जनहित याचिका दाखिल की जाएगी।

### आयुष चिकित्सा छात्रों का आमरण अनशन शुरू

**भुवनेश्वर।** राज्य के सात सरकारी आयुष महाविद्यालयों के 1 हजार 807 चिकित्सा छात्र छात्राएं अपनी पाँच सूत्रीय मांगों को लेकर 8 दिसंबर से आमरण अनशन पर बैठने जा रहे हैं। छात्रों का कहना है कि पिछले एक महीने से वे शांतिपूर्ण तरीक़े से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक उनकी किसी भी मांग पर सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। जानकारी के अनुसार छात्रों ने नवंबर माह से ही मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को कई बार मांगपत्र सौंपे हैं। छात्रों ने काला बैज पहनकर विरोध, राज्यव्यापी कॉलेज बंदए और 30 नवंबर से दिन.रात धरना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से अपना आक्रोश व्यक्त किया है। इसके बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। छात्रों का कहना है कि वे देश के भविष्य डॉक्टर हैं, और समाज में डॉक्टरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में खुले आसमान के नीचे धरना देकर रातें काटना उनके लिए मजबूरी बन चुका है। छात्रों ने यह भी बताया कि जब राज्यभर में सफेद कोट पहनकर प्रतीकात्मक विरोध किया गया, तब स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर ब्रह्मपुर आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्र जनेन्द्र नायक को निलंबित कर दिया गया, जिससे छात्रों में और अधिक आक्रोश व्याप्त है।

### कृषक ले सकते हैं योजनाओं का लाभ

**जशपुरनगर।** मछली पालन विभाग अंतर्गत संचालित राज्य पोषित योजनाओं एवं प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समद्धि का लाभ पाने के लिए मत्स्य कृषकों का एनएफडीपी पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य है। जिसके लिये सीएससी के माध्यम से या स्वयं से एनएफडीपी पोर्टल पर समिति, समूह, व्यक्ति मछली पालन से जुड़े सदस्य वेबसाईट में पंजीयन करा सकते हैं। सीएससी के माध्यम से पंजीकृत होने पर सीएससी संचालकों को 20 रूपये एवं हितग्राहियों को 80 रूपये प्राप्त होंगे।



# जापान में फैंस से मिले प्यार पर हैरान हुए प्रभास

**मुंबई।** भारत की फिल्मों को देश ही नहीं, विदेशों में भी खूब देखा जाता है। हाल ही में फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की जापान में स्क्रीनिंग हुई। इसी सिलसिले में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास जापान पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस पर फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने प्रभास के लिए भावुक नोट लिखा। इसके जवाब में प्रभास ने भी एक पोस्ट लिखी है। जापान में 'बाहुबली द एपिक' 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग पर प्रभास ने कहा 'आपके प्यार के लिए धन्यवाद। आप लोगों का प्यार मैं लंबे समय से सुन रहा था। आज यहां आकर समझ आया कि यह प्यार कितना सच्चा और गहरा है।

लाइफ Style

# सामंथा
## शादी के चार दिन बाद शुरू की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु से शादी की थी और चार दिन बाद ही वह काम पर लौट आईं। सामंथा ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और वैनिटी वैन से तस्वीर शेयर की है।

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु के साथ शादी की थी और अब चौथे दिन ही वह काम पर लौट आईं। न्यूली वेड एक्ट्रेस ने सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। सामंथा ने शुक्रवार, 5 दिसंबर को वैनिटी वैन से अपनी तस्वीर शेयर की। वह अपनी नई फिल्म 'मेरे घर की लक्ष्मी' में बिजी हैं। सामंथा हनीमून पर भी सिर्फ एक ही दिन के लिए जा पाई थीं और बताया था कि वह बाद में ज्यादा दिन के लिए जाएंगी। अभी उन्हें शूट पर वापस लौटना है, तो सिर्फ एक दिन का गोवा का हनीमून प्लान किया है। सामंथा रुथ प्रभु अब काम पर लौटीं तो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह मेकअप चेयर पर बैठीं डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी और मेकअप आर्टिस्ट अवनी रंभिया से बातें करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'लेट्स गो।' सामंथा ने इस दौरान कैजुअल टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी, पर उनके हाथों और पैरों पर दुल्हन वाली मेहंदी साफ दिखाई दे रही थी। 30 नवंबर को सामंथा और राज निदिमोरु की शादी की खबरें सामने आई थीं, और अगली सुबह एक्ट्रेस ने तस्वीरें शेयर कर कन्फर्म किया कि उनकी और राज निदिमोरु की शादी हो गई।



हॉलीवुड मसाला



# मेन इन ब्लैक की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहिट साइंस फिक्शन एक्शन फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि विल स्मिथ एक नए मिशन के साथ सीरीज की अगली फिल्म में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइज को रीबूट करने के बाद, सोनी पिक्चर्स अपना ध्यान अपनी एक और सबसे बड़ी हिट 'मेन इन ब्लैक' पर लगा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक नई 'मेन इन ब्लैक' मूवी पर काम शुरू हो गया है, जिसकी कहानी लिखने का जिम्मा 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के राइटर क्रिस ब्रेमर को मिला है।




# जस्टिन के साथ साझा की तस्वीरें, रिश्ते पर लगी मुहर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिरकार अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप से दुनिया के सामने ला दिया है। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच दोनों ने जापान टूर की निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक तरह से अपने प्यार पर मुहर लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों ने यह साफ कर दिया है कि यह रिश्ता अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि सच है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर' पर हैं और इसी दौरान उन्होंने जापान के इस टूर को साझा किया। पोस्ट में दोनों को एक साथ सेल्फी लेते हुए, कला प्रदर्शनियों का आनंद लेते हुए और साथ में समय बिताते हुए देखा जा सकता है। पेरी ने कैप्शन में केवल इतना लिखा- 'टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर' लेकिन इन कुछ शब्दों ने उनके रिश्ते की तस्वीर को पूरी तरह साफ कर दिया।



# पहली बार साथ दिखेंगे करीना- पृथ्वीराज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवतः इनमें शूटिंग उपकरण हैं। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# मिशन इम्पॉसिबल के पूरे हुए 14 साल

**मुंबई।** 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' को रिलीज हुए 14 साल हो गए हैं। 7 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई हॉलीवुड जासूसी एक्शन फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' का दुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था। फिल्म के 14 साल पूरे होने पर, अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं और साथ ही एक प्यारा नोट भी लिखा है। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' के सेट की कई खास तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में अनील अपनी बेटी सोनम कपूर आहूजा और टॉम के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कई तस्वीरों में 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' की स्टार कास्ट के साथ अनिल पोज देते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला




# तारक मेहता को एक और बड़ा झटका, प्राजक्ता ने छोड़ा शो

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिटकॉम पिछले 17 सालों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। ये शो अपनी कहानी के साथ-साथ अपने किरदारों को लेकर भी सुर्खियों में बना रहता है। वहीं, बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। एक और कलाकार ने ने सिर्फ इस शो को छोड़ा बल्कि मेकर्स पर आरोप लगाए हैं। दरअसल, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के हम जिए कलाकार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि एक्ट्रेस प्राजक्ता शिसोदे हैं। शो में उन्हें हमेशा ही गोकुलधाम सोसाइटी में सब्जी बेचते देखा गया और महिला मंडल संग गपशप करते। लेकिन, अब प्राजक्ता ने इस शो को अलविदा कह दिया हैं और इसकी जानकारी खुद एक पोस्ट शेयर करके दी है। साथ ही अपमान करने का आरोप लगाया है। प्राजक्ता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो छोड़ने की वजह बताई है। प्राजक्ता ने अपने किरदार की अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि वो अब वो 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं।

## अरमान और अभिर में होगी टक्कर

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। क्योंकि अरमान की एक गलती की वजह से अभिरा के साथ उसका रिश्ता मुश्किल में आ जाएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग का एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। फिर एक बार अभिरा और अरमान के रिश्ते में दरार आ सकती है। रविवार के एपिसोड में आप देखेंगे कि अभिरा अपने पति अरमान को समझाएगी कि अगर वो उसकी जगह होती तो किसी एक पर सारा आरोप डाल देने की बजाए दोनों से तसल्ली से बात करती और फिर उन्हें समझाने की कोशिश करती। लेकिन, अभिरा की बात अरमान के खास समझ नहीं आएगी। क्योंकि शो के नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि उस वक्त पूरे परिवार के सामने तमाशा खड़ा हो जाएगा जब माहौल काफी टेंशन भरा होने के बाद कियारा अचानक वहां से भाग खड़ी होगी। अभिर उसके पीछे-पीछे जाएगा और कहेगा कि कियारा मैं तुमसे सचमुच प्यार करता हूं।



# रीना-किरण और गौरी, तीनों ने मेरी जिंदगी को नई दिशा दी

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने अपने रिश्तों पर खुलकर बात की है। आमिर ने पूर्व पत्नियों और गर्लफ्रेंड पर एक इंटरव्यू में बात की है। आमिर खान ने अपने करियर के शुरुआती दौर में रीना दत्ता के साथ शादी की थी और दोनों ने करीब 16 साल साथ बिताए। उनके दो बच्चे जुनैद और आइरा, इस रिश्ते की सबसे बड़ी याद के तौर पर मौजूद हैं। अलग होने के बावजूद दोनों हमेशा एक-दूसरे के लिए सम्मान से भरे रहे। आमिर ने कहा कि रीना उनकी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा हैं और वह हमेशा उनके साथ एक मजबूत दोस्ती के रिश्ते में रहेंगे। उन्होंने यह भी माना कि इतना लंबा सफर साथ बिताने के बाद रिश्ता भले ही पति-पत्नी का नहीं रहा, लेकिन इंसान के रूप में दोनों कभी एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। किरण राव और आमिर की शादी भी करीब 16 साल चली। दोनों ने मिलकर बेटे आज़ाद को पाला और तलाक के बाद भी उनकी परवरिश में कोई बदलाव नहीं आया। आमिर ने बताया कि वह और किरण आज भी एक परिवार की तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि किरण, उनके माता-पिता, रीना और उनके माता-पिता, सभी मिलकर एक बड़ा, समझदार और संतुलित परिवार बनाते हैं। ये आपसी गर्मजोशी ही आमिर के व्यक्तिगत जीवन को खास बनाती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगा था कि एक उम्र के बाद वह दोबारा प्यार कर पाएंगे, तो उन्होंने साफ कहा- नहीं। लेकिन फिर उनकी मुलाकात हुई गौरी स्प्रेट से, जिनके बारे में आमिर ने बताया कि वह उनकी जिंदगी में बेहद सुकून और स्थिरता लेकर आई हैं।



# वो शर्त जिसकी बलि चढ़ा अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता, 39 साल पहले इस तस्वीर से खुली थी अफेयर की पोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड और क्रिकेट का बहुत ही पुराना और गहरा कनेक्शन रहा है। जहां कई क्रिकेटर्स एक्ट्रेसेस को दिल दे बैठे और घर भी बसा लिया, वहीं कुछ का प्यार मुकम्मल नहीं हो सका। इस लिस्ट में अमृता सिंह और रवि शास्त्री का भी नाम शामिल है। यह 80 के दशक की बात है। तब एक तरफ रवि शास्त्री क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए थे और सब उनके मुरीद थे, वहीं दूसरी ओर अमृता सिंह भी फिल्मों में डेब्यू कर चुकी थीं और चर्चा बटोर रही थीं। तब सोशल मीडिया इतना चलन में नहीं था, पर उस वक्त की मैगजीन और अखबारों में अमृता सिंह और रवि शास्त्री के अफेयर की खूब चर्चा होती थी। फिर साल 1986 में एक मैगजीन के कवर पर जब अमृता और रवि शास्त्री की तस्वीर सामने आई, तो अफेयर की बात एकदम साफ हो गई। फिर ऐसा क्या हुआ था कि दोनों का रिश्ता टूट गया, जबकि शादी की भी खबरें आने लगी थीं?



### बचपन की दोस्त से की शादी

लेकिन, न तो रवि शास्त्री झुकने को तैयार हुए और ना ही अमृता सिंह मानीं। और इस तरह उनका रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इसके बाद शास्त्री ने साल 1990 में बचपन की दोस्त रितु से शादी कर ली और बेटी अलेका के पिता बने। हालांकि, दो दशक से भी ज्यादा समय बाद उनकी शादी टूट गई।

### मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी पहली मुलाकात

एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि शास्त्री और अमृता सिंह की पहली मुलाकात मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी। तब रवि शास्त्री ने बाद में स्वीकार किया था कि शुरू में वह 10 मिनट तक बात ही नहीं कर पाए और बहुत शरमा रहे थे। तब अमृता ने ही बात करना शुरू किया। इसके बाद रवि शास्त्री और अमृता की नजदीकियां बढ़ने लगीं, और एक-दूसरे से प्यार करने लगे। इसके बाद जब नवंबर 1986 में 'सिने ब्लिट्ज' मैगजीन के कवर पर अमृता सिंह और रवि शास्त्री की तस्वीर दिखी, तो उनका रिश्ता पब्लिक हो गया था। उनकी केमिस्ट्री की तो तारीफ हुई ही, साथ ही उनकी शादी की अटकलें और तेज हो गई थीं। लेकिन किसी वजह से इस रिश्ते में रोड़ा अटक गया। रवि शास्त्री की एक शर्त ने अमृता सिंह के साथ उनके रिश्ते को खत्म कर दिया।

**किसी एक्ट्रेस को पत्नी नहीं बनाना चाहता** : रिपोर्ट के मुताबिक, उस दौर के एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने साफ कर दिया था कि वह किसी एक्ट्रेस को अपनी पत्नी नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टनर की पहली प्राथमिकता उसका घर होना चाहिए। उस वक्त अमृता अपने करियर के पीक पर थीं और सुपरहिट डेब्यी फिल्म दे चुकी थीं, जिसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। अमता ने यह कहते हुए विरोध जताया कि वह अपने प्रोफेशन से यूं ही दूर नहीं जा सकतीं। हालांकि, यह भी कहा था कि कुछ साल के बाद वह जरूर हाउसवाइफ बनकर रह सकती हैं और घर संभाल सकती हैं।

## एक के बिके थे 3 करोड़ से ज्यादा टिकट तो एक की 2 करोड़ कमाई

# धर्मेंद्र की दो फिल्मों ने रूस में कर दिया था कमाल

***नई दिल्ली।*** *रूस और भारत के रिश्ते सिर्फ राजनीतिक नींव पर नहीं टिके हैं, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी हैं, जो इन रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्ते बहुत पुराने हैं और उसका बहुत ज्यादा श्रेय हिंदी सिनेमा को भी जाता है। हिंदी सिनेमा के कुछ कलाकारों ने सोवियत संघ के बाजारों पर अपनी फिल्मों के जरिए छाप छोड़ी। उन्हीं में से एक एक्टर थे धर्मेंद्र देओल, जिनका निधन 24 नवंबर 2025 को उम्र संबंधी बीमारियों के बाद हुआ। उनकी दो फिल्में वहां रिलीज हुईं और सुपरहिट हुई थीं। वैसे तो धर्मेंद्र की बहुत सारी फिल्मों को रूस में रिलीज किया गया, लेकिन उनकी 'अलीबाबा और 40 चोर' का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। 1980 में आई 'अलीबाबा और 40 चोर' फिल्म का निर्माण सिर्फ भारत की कंपनी के बैनर तले ही नहीं हुआ, बल्कि फिल्म का सह-निर्माण भारत की ईगल फिल्म्स और सोवियत संघ के उज्बेक फिल्म स्टूडियो ने मिलकर किया था। फिल्म न केवल भारत सुपरहिट साबित हुई, बल्कि इसका जादू रूस में भी चला।*



### इस फिल्म ने बना दिया था ग्लोबल आइकन

फिल्म को रूसी भाषा में रिलीज किया गया और ये दोनों देशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। फिल्म भारत के सिनेमाघरों पर 25 हफ्तों तक लगातार चली और फिल्म ने भारत में 3 करोड़ की कमाई की। वहीं, सोवियत संघ में भी फिल्म ने लगभग 2 करोड़ की शानदार कमाई की थी। इस फिल्म ने धर्मेंद्र को ग्लोबल आइकन बना दिया था।

### धरमवीर भी रूस में हुई थी रिलीज

'अलीबाबा और 40 चोर' के अलावा धर्मेंद्र की 'धरमवीर' फिल्म भी उस मुल्क में हिट साबित हुई थी। फिल्म साल 1997 की दूसरी बड़ी हिट बनकर उभरी थी और रूस में फिल्म के 3 करोड़ से ज्यादा टिकट बिके थे। फिल्म ने भारत के सिनेमाघरों पर तकरीबन 50 हफ्तों तक अपना जादू बिखेरा था और इसी फिल्म की वजह से फैंस ने उन्हें 'आयरन' मैन का टैग दिया था।

### अलीबाबा और 40 चोर

रूस में रिलीज के बाद फिल्म 'अलीबाबा और 40 चोर' में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की रोमांटिक केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। धर्मेंद्र को उनकी खूबसूरती की वजह से पहले ही भारत में पसंद किया जा रहा है, लेकिन सोवियत संघ में भी अपनी पर्सनैलिटी और हैंडसम चेहरे की वजह से उन्हें अलग पहचान मिली।



## खबर संक्षेप



### कन्या शाला की छात्राओं को स्वेटर का वितरण

**घरघोड़ा।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घरघोड़ा में अध्ययरत छात्राओं को समाज सेविका निर्मला देवी अग्रवाल द्वारा छात्राओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने एवं बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के दृष्टिकोण से निःशुल्क स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर पिंकी अग्रवाल एवं शीतल अग्रवाल ने छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दीद्य प्राचार्य हरीशचंद्र बेहरा ने छात्राओं को विद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षिका ज्योति निवेदिता सिंह आदि उपस्थित रहीं विद्यालय के शिक्षक विजय पंडा ने विद्यालय एवं समुदायिक समन्वयता की छात्राओं के हित मे किए गए उक्त पहल हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया एवं विद्यालयीन गतिविधियों की जानकारी दी।

### शोरगुल से स्कूली बच्चों को पढ़ाई में दिक्कत

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के चौक-चौराहों में आए दिन साउंड सिस्टम और डीजे लगाकर कोई भी कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिस पर कोई आपत्ति नहीं होती थी, लेकिन इन दिनों परीक्षा सिर पर है तो विद्यार्थियों को यह नागवार गुजर रहा है। मालूम हो कि शोरगुल के बीच न कोई न पढ़ सकता है और न ही कोई पढ़ा सकता है। वहीं किसी कार्यक्रम के बीच यदि कोई बाहरी शोर गुल हो तो ज्यादा परेशानी होती है। ज्ञात हो कि सुबह 5 से 7 बजे तक लेकर लाउड स्पीकर बजता है। रात में 8 से 12 बजे तक फिर से बाक्स बजना प्रारंभ होता है। इस बीच पुसौर के अन्य क्षेत्रों में इसी तरह साउंड सिस्टम की तेज आवाज से विद्यर्थियों को शोर गुल से परेशानी हो रही है। जल्द ही परीक्षा शुरू होने वाली है। टीआई रामकिंकर यादव ने बताया कि इसके लिए पेट्रोलिंग तत्काल जारी की जाएगी और कहीं भी ऐसी स्थिति देखी जाएगी तो उस पर कार्रवाई होगी।

### आदर्श नव युवक संघ ने किया कबड्डी का आयोजन

**पुसौर।** एनटीपीसी लारा के सहयोगी ग्राम देवलसुरा में आदर्श नव युवक मण्डल का गठन हुआ है जो युवाओं को जोडने, उनके बीच समरसता लाने तथा उन्हें दुर्व्यसन से दूर रखने कबड्डी सहित अन्य आयोजन करता रहता है। सामूहिक रामायण पाठ, समय समय में हनुमान चालिसा पाठ भी होता रहा है और कबड्डी प्रत्येक वर्ष होता है जिसमें रायगढ, सारंगढ एवं शक्ति जिले के छोटे-छोटे ग्राम के कबड्डी टीम शामिल होते हैं। इसी कड़ी में बीते 6 और 7 दिसंबर को यह आयोजन हुआ है।

### संकल्प ग्राम भारती जिला समिति की बैठक

**रायगढ़।** ग्राम भारती जिला समिति रायगढ़ द्वारा संबद्ध जिले के सभी सरस्वती शिशु मंदिरों के प्रधानाचार्य एवं प्राचार्यों की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर, लक्ष्मीपुर रायगढ़ में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर वंदना के साथ किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक के निर्धारित विषयों पर मार्गदर्शन करते हुए आचार्य राजेंद्र महाराज, अध्यक्ष ग्राम भारती जिला शक्ति एवं प्रांतीय सदस्य, सरस्वती ग्राम शिक्षा विकास समिति ने संघ के शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर योजना के प्रत्येक कार्यक्रम के माध्यम से समाज में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप गौरव स्थापित करना इस बैठक का प्रमुख लक्ष्य रहा। उन्होंने बताया कि सप्तशती संगम आयोजन के माध्यम से मातृशक्ति को प्रोत्साहन और सम्मान प्रदान करना, संस्कृति बौद्ध परियोजना का प्रत्येक विद्यालय में क्रियान्वयन, आचार्यों की संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रति जागरूकता एवं सहभागिता बढ़ाना तथा देवपुत्र पत्रिका के विशेष संस्करण को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक है।

## जिले में अब तक 184.1415 हैक्टेयर रकबा समर्पित

# रायगढ़ ने रचा इतिहास, रकबा समर्पण में पूरे प्रदेश में टॉप पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- 7,181 किसानों से 3.92 लाख क्विंटल धान खरीदी

जिले में शुक्रवार की स्थिति में 184.1415 हैक्टेयर रकबा समर्पण दर्ज किया गया था। रकबा समर्पण की दृष्टि से रायगढ़ जिला प्रदेश के सर्वाधिक समर्पण करने वाले जिलों में शामिल हो चुका है। वहीं दूसरी ओर 3 हजार 457 सीमांत किसान, 1 हजार 987 लघु किसान और 1 हजार737 बड़े किसान धान विक्रय कर चुके हैं। कुल मिलाकर 7 हजार 181 किसानों से 3 लाख 92 हजार 113.60 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। धान बिक्री करने वाले किसानों को 9 हजार 204.90 लाख रुपए का भुगतान उनके खातों में अंतरित किया चुका है।

इसके साथ ही सहकारी समितियों द्वारा 1,522.19 लाख रुपए की ऋण वसूली भी की गई है। किसानों ने अपने वास्तविक उपज की खरीदी के बाद स्वयं आगे आकर 184.1415 हेक्टेयर रकबा का समर्पण किया है, जिससे खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता का स्तर और भी मजबूत हुआ है। जिले के 7,181 किसानों से अब तक 3.92 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदा जा चुका है।



## टोकन और खरीदी लिमिट बढ़ाने की मांग, मिला आश्वासन

**सारंगढ़।** कोसीर हो या फिर परसदा क्षेत्र किसान अपनी धान बिक्री को लेकर परेशान हो रहे हैं। जिसे लेकर उग्र आंदोलन करने मे बाध्य है । इस विषम परिस्थिति को लेकर स्थानीय नेता व सारंगढ़ विधायक उतरी गनपत जांगड़े के नेतृत्व में अंचल के सैकड़ों किसानों के साथ कलेक्टर डॉक्टर संजय कन्नौजे को ज्ञापन सौंपा गया। कलेक्टर परिसर के बाहर सारे किसानों को रही समस्या को कांग्रेस नेता एवं किसानो ने अवगत कराया। तत्पश्चात प्रतिनिधि मंडल के रूप में विशेष चर्चा किया जिसमे लिमिट वृद्धि और मंडी फड़ में तीस प्रतिशत टोकन कटाई का मुद्दा उठाया। सभी बिंदुओं पर कलेक्टर का आश्वासन मिला है।





## टोकन बना सिर दर्द, लग रही किसानों की लंबी कतार

**सरिया।** धान बेचने के लिए किसानों को टोकन कटवाने ऑनलाइन और ऑफलाइन के पेच में फंस गए हैं। अब तो लंबे इंतजार के बाद भी धान के टोकन नहीं मिल पा रहे हैं। इससे किसानों में तीव्र रोष व्याप्त है। सोमवार सुबह से ही किसानों ने सेवा सहकारी समिति सरिया में पहुंचकर ऑनलाइन टोकन कटवाने लंबी लाइन में खड़े इंतजार कर रहे हैं। किसनों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा पुलिस बुलाना पड़ा।

पुलिस के मौजूदगी में किसान रजिस्टर में नाम दर्ज करवा रहे हैं। बाद में सेवा सहकारी समिति के द्वारा किसानों के नाम का टोकन जारी किया जाएगा। बता दे की सेवा सहकारी समिति सरिया में रोजाना धान खरीदी की लिमिट बहुत कम होने से किसानों को चिंता सता रही है। आंचलिक किसान संघ के अध्यक्ष मोहन पटेल ने प्रशासन से मांग किया है कि रोजाना खरीदी की लिमिट बढ़ाई जाए। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति सरिया सबसे बड़ा समिति के रूप में मान्यता प्राप्त है। यहां करीब 18 सौ से ज्यादा किसानों का पंजीयन है। जिस हिसाब से यहां खरीदी हो रही है किसानों को उनके मेहनत की उपज धान फसल समय पर बिक पाएगी या नहीं इसकी चिंता सता रही है। किसानों ने बताया कि धान बेचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा जारी तुहर टोकन सिस्टम ऑनलाइन माध्यम में प्रभावी रूप से काम नहीं कर रहा है। जिसके कारण किसान लगातार समिति के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। सरकार की ओर से धान खरीदी को लेकर बड़े बड़े दावे किए जा रहे हैं लेकिन जमीनी स्तर पर किसान अपनी तैयार फसल को बिक्री के लिए समिति तक पहुंचने में असमर्थ दिख रहे हैं। इससे किसान लगातार चिंता में है। किसान नेता नंदकिशोर विश्वाल ने बताया किसानों की समस्या को लेकर किसान संघ ने रविवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी दिए हैं। तथा मंगलवार को अटल चौक में किसान संघ का आंदोलन प्रदर्शन की रणनीति भी बन रही है।

> धान खरीदी में जिस तरह से मनमानी हो रही है। इससे किसानों में चिंता व्याप्त है। यदि शीघ्र ही कोई ठोस उपाय नहीं किए गए तो किसान हाल बेहाल हो जाएंगे
>
> **मोहन पटेल**
> **अध्यक्ष आंचलिक किसान संघ**

> सोमवार को बड़ी संख्या में किसान पंजीयन के लिए पहुंचे हैं। व्यवस्था में कुछ सुधार किया गया है तथा धान खरीदी में भी गति आएगा।
>
> **विष्णु मेहरा**
> **नोडल अधिकारी खरीदी केंद्र सरिया**

## जिपं सभापति व सदस्य ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोसीर।** जिपं सदस्य एवं सभापति संतोषी अरविंद खटकर ने कलेक्टर से सेवा सहकारी समितियों द्वारा धान खरीदी की जा रही है जिसके लिमिट को बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि किसानों को टोकन के लिए भटकना पड़ रहा है, टोकन तुंहर हाथ एप में सर्वर की समस्या के चलते टोकन नहीं कटने से किसान धान बेचने के लिए परेशान हो रहे हैं। समितियां में 70 प्रतिशत ऑन लाइन और 30 प्रतिशत ऑफ लाइन टोकन काटने का नियम बनाया गया है। ऑफ लाइन टोकन के लिए भी किसानों को कई दिनों तक समिति के चक्कर लगाना पड़ रहा है। श्रीमती खटकर ने कहा कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से 50-50 प्रतिशत टोकन काटने की व्यवस्था किया जाए, जिससे किसानों को परेशानी न झेलनी पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि समितियों में खरीदी सीमा लागू होने के कारण बहुत कम मात्रा में धान की खरीदी हो पाई है। इसलिए किसानों के धान बिक्री की समस्या को ध्यान में रखते हुए ढाई से तीन गुना लिमिट को बढ़ाया जाना किसान हित में अति आवश्यक है। श्रीमती संतोषी अरविंद खटकर के साथ संजू शर्मा ए परिमल चंद्राए जितेंद्र गुप्ता, अरविंद खटकर एवं अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे।




## कॉलेज की मांग को लेकर सरसींवा में प्रदर्शन



**सरसीवा।** सरसींवा नपंगर पंचायत में खुलने वाले शासकीय कॉलेज को अन्यत्र खोलने से क्षेत्र के छात्रों अभिभावको जनप्रतिनिधियों के साथ साथ नागरिकों ने 8 दिसंबर को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक धरना प्रदर्शन किया। इसमें सैंकड़ों लोग क्षेत्र के सर्व दलीय जन प्रतिनिधियों और क्षेत्रीय नेताओं के द्वारा एक ही मंच में शासकीय कॉलेज को सरसीवा में ही खोलने की मांग किया जाएगा। शिक्षा के अधिकार पर मंडरा रहे खतरे को लेकर अब जन आंदोलन का स्वर तेज हो गया है। ज्ञात हो कि 2021 में सरकार द्वारा सरसीवा में शासकीय कालेज स्वीकृत किया गया था, जिसकी अधिसूचना जारी से लेकर बजट प्रावधान एवं भवन निर्माण के लिए चिहांकन तक किया गया था। सरसीवा में पूर्व में हो चुका है इसके बावजूद भी कुछ लोगों के दबाव में सरसीवा में खुलने वाले कॉलेज को दूर वनांचल ग्राम ग्राम धोबनी जहां 15 किलो मीटर आने जाने के लिए अभी तक इस मार्ग में कोई भी बस टेक्सी नहीं चलती है। ऐसे स्थान मे शासकीय कॉलेज को कुछ नेता द्वारा अन्यत्र स्थानांतरित करने की गलत पहल की जा रही है, जिसके विरोध में क्षेत्र के छात्रों, अभिभावकों जनप्रतिनिधि के साथ साथ जागरूक नागरिकों एवं युवा वर्ग महिला पुरुष मिलकर हजारों की संख्या में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### 19 से मदनपुर में रामकथा

**खरसिया।** खरसिया के तहसील रोड मदनपुर में शर्मा परिवार द्वारा 19 से 26 दिसंबर तक संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें परम विदुषी रसिक साध्वी उमा श्रीधाम अयोध्या अपने श्री मुख से अमृतमय राम कथा सुनाएंगी। ग्राम मदनपुर में शर्मा परिवार के द्वारा संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 19 से शुरू हो रहा है जो 26 दिसंबर तक चलेगा। कामता शर्मा मीना देवी शर्मा निवासी मदनपुर इस राम कथा के यजमान होंगे।जिसमें परम विदुषी रसिक साध्वी उमा जी श्रीधाम अयोध्या अपने श्री मुख से भक्तों को राम कथा का रसपान कराएंगी। शुक्रवार 19 दिसंबर को कलश यात्रा एवं बेदी पूजन होगा 20 दिसंबर शनिवार को कथा प्रारंभ एवं शिव विवाह की कथा सुनाई जाएगी। 21 दिसंबर रविवार को श्री राम जन्म के कारण एवं 22 दिसंबर सोमवार को श्री राम जन्म की कथा कही जाएगी। 23 दिसंबर मंगलवार को बाल लीला एवं जनकपुर भ्रमण तथा बुधवार 24 दिसंबर को सीता राम विवाह की कथा का वर्णन किया जाएगा। 25 दिसंबर गुरुवार को श्री भरत चरित्र एवं 26 दिसंबर शुक्रवार को श्री राम राज्याभिषेक, पूर्णाहुति एवं भंडारा के साथ कथा संपन्न होगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से प्रारंभ होकर श्री हरि कृपा तक जारी रहेगी।



## गारे पेलमा सेक्टर 1 कोयला खान के लिए हुई पर्यावरणीय सुनवाई

**रायगढ़।** जिंदल स्टील एंड पॉवर समूह की कंपनी जिन्दल पॉवर लिमिटेड को आवंटित कोयला खान गारे पेलमा सेक्टर 1 के लिए तमनार के धौंराभाठा में साप्ताहिक बाजार स्थल पर सोमवार को आयोजित जनसुनवाई में ग्रामीणों ने परियोजना का भरपूर समर्थन किया। बड़ी संख्या में उमड़े लोगों ने विश्वास जताया कि इस परियोजना के शुरू होने से क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी और यह प्रोजेक्ट तमनार और रायगढ़ ही नहीं, छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

गारे पेलमा कोल बियरिंग एरिया की सेक्टर 1 खान का आवंटन भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा जिंदल स्टील एंड पॉवर समूह की कंपनी जिंदल पॉवर लिमिटेड को किया गया है। इस परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए जनसुनवाई का आवेदन छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में दिया गया था। प्रस्तावित परियोजना की जनसुनवाई के लिए मंडल द्वारा 8 दिसंबर 2025 की तारीख तय की गई थी।

सोमवार को ग्राम धौराभाठा में सुबह 11 बजे से जनसुनवाई शुरू हुई। इसमें आसपास के सभी गांवों के ग्रामीण उपस्थित थे। सीईसीबी द्वारा जनसुनवाई के दौरान शासन द्वारा तय सभी मानदंडों का पालन सुनिश्चित किया गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने चाक चौबंद व्यवस्था रखी थी। अतिरिक्त कलेक्टर अपूर्व टोप्पो एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल कार्यालय के नरेन्द्र सिंह मालवीय के पर्यवेक्षण में तय समय पर जनसुनवाई शुरू हुई। रायगढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम सहित नगर पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारियों के साथ पुलिस के जवानों ने कानून.व्यवस्था की कमान संभाली। जनसुनवाई के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि जिंदल समूह ने तमनार सहित पूरे रायगढ़ जिले के समग्र विकास में पूरा योगदान दिया है। कंपनी ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कई विकास कार्य कराए हैं। इनमें ग्रामीणों की मूलभूत जरूरतों से लेकर अधोसंरचना विकास के कार्य तक शामिल हैं।



## ओपी की पहल पर प्रयास आवासीय शाला भवन निर्माण के लिए 37 करोड़ की मिली स्वीकृति



**रायगढ़।** प्रयास आवासीय विद्यालय रायगढ़ के भवन निर्माण कार्य हेतु विधायक ओपी की पहल से 37.36 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। आदिवासी अंचलों के मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए जाने जाते हैं। ये विद्यालय विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर और दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभाशाली आदिवासी छात्रों को निःशुल्क आवास, भोजन, अध्ययन सामग्री, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा आधुनिक शैक्षणिक वातावरण प्रदान करते हैं। हर वर्ष इन विद्यालयों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी जेईई, नीट, क्लैट, एनडी, जैसी राष्ट्रीय स्तरीय परीक्षाओं में चयनित होते हैं।

## कलेक्टर ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने सोमवार को जिला मुख्यालय सारंगढ़ में निर्माणाधीन कलेक्टोरेट सयुंक्त जिला कार्यालय कंपोजिट बिल्डिंग एसडीएम और तहसील कार्यालय भवन निर्माण का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ड्राइंग डिजाइन के अनुसार निर्माण निर्माणाधीन कंपोजिट बिल्डिंग को पूरी गुणवत्ता के साथ 30 अगस्त 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग पी एल पैकरा एवं ठेकेदार को दिए। इसके बाद डॉ कन्नौजे ने खेलभांठा मैदान में निर्माणाधीन मंच निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने और 10 जनवरी 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मनए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग पी एल पैकरा, एसडीएम सारंगढ़ वर्षा बंसलए डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, सीएमओ नगरपालिका ज्ञानपुंज कुलमित्र आदि उपस्थित थे। डॉ संजय कन्नौजे ने राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क निर्माण सिटी कोतवाली से भारत माता चौक एवं सड़क चौड़ीकरण के कार्य का भी निरीक्षण किया और 12 दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिसर में बन रहे अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला कक्ष को भी 10 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।



### अमर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

# वीर शहीदों की स्मृति में मना सशस्त्र सेना झंडा दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मातृभूमि की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में तथा सेवारत और भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान में आज जिले में सशस्त्र सेना झंडा दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। सृजन सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम अपूर्व टोप्पो ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के अमर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने सैनिकों के अद्वितीय योगदान और उनके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सेना परिवार से जुड़ाव गर्व का विषय है। उन्होंने सैनिकों के सर्वांगीण सहयोग का आश्वासन देते हुए नागरिकों से उनका सम्मान बनाए रखने का आग्रह किया। एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रवीण तेवतिया ने सैनिकों के बलिदान को याद करते हुए समाज के सभी वर्गों से उनके प्रति सम्मान और सहयोग की भावना बनाए रखने की अपील की। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर हरीशचंद्र तिवारी ने झंडा दिवस का इतिहास और महत्व विस्तार से बताया। उन्होंने लोगों से उदारतापूर्वक दान कर सैनिकों के योगदान को सम्मानित करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर रायगढ़ के हॉनरी सूबेदार मेजर सुखू राम बारबा विशिष्ट सेवा पदक को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात जिला सैनिक कल्याण अधिकारीए भूतपूर्व सैनिकों और एनसीसी कैडेट्स के साथ गांधी चौक में जनसहभागिता अभियान आयोजित किया गया। इसमें नागरिकों को झंडा दिवस अभियान में भाग लेकर सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। गौरतलब है कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर टोकन झंडा वितरण द्वारा एकत्रित दान राशि वीर शहीदों, भूतपूर्व और सेवा निवृत्त सैनिकों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाओं में उपयोग की जाती है। जिले के सभी शासकीय कार्यालय, उद्योग धंधे, विद्यालय, महाविद्यालय और निजी संस्थान झंडा वितरण कर सहयोग के लिए आमंत्रित किए गए हैं। कार्यक्रम में एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रवीण तेवतिया, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर हरीशचंद्र तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक उद्योग श्रीमती अंजू नायक, उपायुक्त नगर निगम, जिला कोषालय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़, भूतपूर्व सैनिक और एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।



